हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 4 नवंबर 2025

04 सीआरएम की टीम ने देखी इलाके की स्वास्थ्य...



08 अधूरे कोर्स के बीच हाई स्कूल व हायर सेकंडरी...





## खबर संक्षेप

### उचित मूल्य दुकानों से 16 करोड़ 4 लाख रुपए वसूली की कार्रवाई शुरू

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों की जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गई हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि गठित समितियों द्वारा की गई जांच में 390 दुकानों से कुल 16 करोड़ 4 लाख रुपए की वसूली की जानी है। कोरोना काल में वितरित खाद्यान्न की जांच में सबसे अधिक अनियमितताएं नटेरन क्षेत्र की 86 दुकानों में मिलीं, जिनसे 4 करोड़ 52 लाख रुपए की वसूली होगी। सिरोंज की 81 दुकानों से 5 करोड़ 28 लाख, गंजबासौदा से 1 करोड़ 67 लाख, विदिशा नगर से 1 करोड़ 71 लाख, लटेरी से 1 करोड़ 51 लाख तथा अन्य क्षेत्रों से भी वसूली की कार्रवाई जारी है।

### खाद्य, औषधि व नापतौल कार्यों की समीक्षा की गई

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा नापतौल विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि सभी मेडिकल स्टोर्स की जांच कर बिना डॉक्टर की पर्ची पर दवाइयों की बिक्री व बिना फार्मासिस्ट संचालन पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मावा, मिठाइयों, दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने नियमित जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। इंदौर में पकड़ी गई नकली घी फैक्ट्री के संदर्भ में जिले में विक्रय रोकने हेतु विशेष सतर्कता बरतने और खाद्य व औषधि मिलावट पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### मेडिकल कॉलेज में 'वन हेल्थ' जागरूकता रैली

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय वन हेल्थ पहल अंतर्गत जागरूकता रैली आयोजित की गई। इस वर्ष की थीम एक विश्व, एक स्वास्थ्यः मानव, पशु एवं पर्यावरणीय कल्याण के लिए एकजुट रही। कार्यक्रम का नेतृत्व नोडल अधिकारी डॉ. आकांक्षा जैन ने किया। उन्होंने कहा कि मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं और इनके संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। रैली में पोस्टर प्रदर्शन, सामुदायिक संवाद और सहभागिता के माध्यम से जागरुक किया गया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ शक्ति संगम हुआ

**ग्यारसपुर।** स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम मातृ गोष्ठी का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य वक्ता सरिता जैन ने महिलाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर विचार व्यक्त किए, जबकि सोनाली सेवड़े ने कुटुंब प्रबोधन व पर्यावरण संवेदनशीलता पर मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता बैनी बाई अहिरवार ने की। इस अवसर पर नगर की प्रतिभाशाली महिलाओं का सम्मान एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

### निर्देशः लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दी हिदायत

# कलेक्टर सख्तः समय पर आवेदनों का निराकरण नहीं किया तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित बैठक में लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों, जनसुनवाई तथा भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों की स्थिति पर विभागवार जानकारी प्रस्तुत की गईं।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित आवेदनों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही पाए जाने पर असंचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। जिला नोडल अधिकारी को ऐसे मामलों में प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की डी ग्रेड सूची में शामिल विभागों को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि जिले की हेल्पलाइन रैंकिंग में लगातार गिरावट चिंताजनक है और आगामी मासिक ग्रेडिंग में विदिशा जिला टॉप-फाइव में शामिल होना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को आवेदनों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर ध्यान देने को कहा गया।




**विदिशा।** समीक्षा बैठक के दौरान जिलेभर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता।

### निर्माण कार्यों और भवन उपयोग की स्थिति की समीक्षा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समीक्षा बैठ के दौरान निर्माण कार्य कराने वाले विभागों को निर्देश दिए कि अधूरे भवनों और पूर्ण भवनों के उपयोग की स्थिति की विभागवार सूची प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि अधूरे भवनों के कारण और उपयोग में नहीं लिए गए भवनों की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाए। जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जिले की सभी बसों में किराया दर सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि यात्रियों से मनमाना किराया वसूला न जा सके। इसी तरह, छात्रवृत्ति संबंधी आवेदनों में कोताही बरतने वाले शैक्षणिक संस्थानों के संचालकों को चेतावनी देने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों को फार्म भरने और छात्रवृत्ति प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए। बैठक में धरती आबा कैंपों, उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण, पीएम विश्वकर्मा योजना, अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, मनरेगा कार्य, खनिज, आबकारी, खाद्य एवं औषधि विभाग की कार्यवाहियां, नल-जल योजनाओं का हैंडओवर, छात्रावासों की उपस्थिति, रोजगार सृजन, हैंडपंप, कुंए, बोर मशीनें, खदानों की स्थिति और सीएम राइज बसों की फिटनेस जैसे मुद्दों की भी समीक्षा की गई।

### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

आवेदनों के समय पर निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नोडल अधिकारी को तत्काल प्रकरण तैयार करने के निर्देश।

### जिले की रैंकिंग में सुधार का लक्ष्य

कलेक्टर ने कहा कि विदिशा जिला सीएम हेल्पलाइन की टॉप-फाइव रैंकिंग में आए, इसके लिए सभी विभाग जनशिकायतों के त्वरित समाधान पर ध्यान दें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने खंड स्तरीय अधिकारियों से कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात की।

### बसों और छात्रवृत्ति में पारदर्शिता के निर्देश

परिवहन विभाग को बसों में किरायादर सूची प्रदर्शित करने के निर्देश, वहीं छात्रवृत्ति आवेदनों में कोताही करने वाले संस्थानों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मेडिकल कॉलेज में वीडियो वायरल होने के बाद डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ से मारपीट करने वालों पर हुई कार्रवाई

# रेहान सहित चार लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट का मामला दर्ज

### तोड़फोड़ और डॉक्टरों से की थी झूमाझटकी

***मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मरीज के परिजनों द्वारा डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ से मारपीट और तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने 4 लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को मेडिकल कॉलेज में मरीज के परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया था। सोमवार को पूरे घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को एक बुजुर्ग महिला घर में गिरकर घायल हो गई थी। जब डॉक्टर ने उनका ब्लड प्रेशर लिया और होंठ के अंदर की चोट देखने के लिए मुंह खोलने को कहा तो मुंह खुलवाने पर महिला को दर्द हुआ। जिससे परिजन भड़क गए और डॉक्टर से बहस शुरू कर दी। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में तोड़ फोड़ शुरू करी दी। गुस्से में परिजनों ने डॉक्टर से धक्का-मुक्की की और आकस्मिक विभाग में तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने दवाओं की ट्रॉलियां गिराईं, दरवाजे तोड़े और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को चोटें आईं।

### चार पर मामला दर्ज

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने रेहान खान सहित चार लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### बैंककर्मी ने जहरीला पदार्थ खाया, मौत

**विदिशा।** हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के खिरिया गांव में रविवार को 30 वर्षीय रामबाबू सेन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार रामबाबू प्राइवेट बैंक में काम करता था। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह अपने बड़े दादा के साथ खेत पर गया था। खेत से लौटते समय रास्ते में उसने कुछ खा लिया। घर आने के बाद उसे उल्टी होने लगी। उल्टी से जहरीले पदार्थ की गंध आने पर परिजनों को उसके जहर खाने का संदेह हुआ। उसे विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# एक हेल्थ एक विश्व के लिए मानव, पशु और पर्यावरण से निकलेगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एक विश्व एक स्वास्थ्य रैली के माध्यम से बताने का प्रयास किया जा रहा है कि मानव, पशु और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। इसलिये अब इनकी पारस्परिकता और समेकित समाधान की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है। विदिशा के शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा रैली का आयोजन किया गया।

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के समस्त फैकल्टी एवं पीजी छात्रों द्वारा भारतीय रोकथाम एवं सामाजिक चिकित्सा संघ तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के संयुक्त सहयोग से 3 नवंबर 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय "वन हेल्थ" के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



### हेल्थ-मानव, पशु और पर्यावरण पारिस्परिक हैं

डॉ. आकांक्षा जैन के नेतृत्व में किया गया। डॉ. जैन ने मानव, पशु एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए बहु-क्षेत्रीय भागीदारी, सामुदायिक सहभागिता और प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। ज़ेनोटिक बीमारियों की रोकथाम, खाद्य सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक सहयोग से वैश्विक स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सकता है।

# सांसद खेल महोत्सव की मशाल यात्रा का किया भव्य स्वागत

### एएसटीआई कॉलेज से हुआ यात्रा का शुभारंभ, विधायक मशाल लेकर रथ पर निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सांसद खेल महोत्सव के तहत निकली मशाल यात्रा का सोमवार को नगर में भव्य स्वागत किया गया। यह मशाल 30 अक्टूबर को स्थानीय खेल परिसर स्टेडियम में पूर्व क्रिकेटर कपिल देव, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद डॉ. लता वानखेड़े की उपस्थिति में विधायक मुकेश टंडन को सौंपी गई थी।

सोमवार को यात्रा का शुभारंभ एएसटीआई कॉलेज से हुआ। विधायक मुकेश टंडन रथ पर हाथ में मशाल थामे चल रहे थे। उनके साथ रथ पर जिले के राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी भी मौजूद रहे। पीतलमिल चौराहे पर भाजपा दुर्गानगर मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा खरीफाटक रोड, माधवगंज चौराह पर बैसनगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, वैत्रवती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री ने भी यात्रा का भव्य स्वागत किया। इसके बाद यात्रा ढोलखेड़ी चौराह पहुंची। जहां मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे ने स्वागत किया। ढोलखेड़ी के बाद मशाल यात्रा अहमदपुर मंडल में प्रवेश कर चिड़ोरिया, हांसुआ, जैतपुरा, गोबरहेला, बेरखड़ी, भाटनी और अहमदपुर तक पहुंची। पूरे मार्ग में उत्साह और देशभक्ति के नारे गूंजते रहे। आज शाम यह यात्रा गुलाबगंज मंडल पहुंचेगी।



**विदिशा।** मशाल यात्रा का शहर में जगह जगह किया गया जोरदार स्वागत।

- आज गुलाबगंज में किया जाएगा यात्रा का स्वागत।

# प्रकाश पर्वः पंज प्यारो का मुस्लिम समुदाय ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गुरुनानक देव की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुद्वारे में विभिन्न धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं। सोमवार को नगर में पंज प्यारों का जुलूस निकाला गया। पंज प्यारे सिख धर्म के वे पांच शिष्य थे जिन्होंने 1699 में आनंदपुर साहिब में सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के बुलावे पर अपना शीश बलिदान करने की पेशकश की थी। ये पांच शिष्य थे दया सिंह, धरम सिंह, हिम्मत सिंह, मोहकम सिंह और भाई साहिब सिंह, इन पांचों ने ही खालसा पंथ की नींव रखी थी।





सोमवार को जब पंज प्यारे शहर में निकले तो जगह जगह उनका स्वागत किया गया। बड़ा बाजार में ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिलाध्यक्ष सोहेल अहमद बब्लू एवं उनकी टीम ने गुरुनानक देव जी के जुलूस का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। सोहेल ने पुष्प वर्षा कर पंज प्यारों को फूलों की माला पहनाकर शहर में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की। वह और उनकी टीम हिंदू धर्म और सनातन के सभी प्रमुख त्योहारों को इसी तरह मनाते आ रहे हैं।

# प्रधानमंत्री सड़क की हालत हुई खस्ता, हो रहे हादसे

### आए दिन घायल हो रहे ग्रामीण , जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

जनपद पंचायत ग्यारसपुर की ग्राम पंचायत दीघौरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम करैया की सड़क इन दिनों बदहाली चरम पर है। अटारीखेजड़ा से करैया होते हुए सिहोद तक बनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की यह सड़क जगह-जगह से टूटी हुई है। करीब तीन किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आए दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दौरान यह मार्ग दलदल का रूप ले लेता है, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग को सड़क की मरम्मत के लिए आवेदन दिए, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में जब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के एसडीओ से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उक्त सड़क के पुनर्निर्माण का टेंडर प्रक्रिया में है और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।



जर्जर स्थिति होने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# गहोई वैश्य महिला मंडल ने अन्नकूट महोत्सव में अर्पित किए छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गहोई वैश्य महिला मंडल द्वारा 2 नवंबर को मैथिलीशरण गुप्त भवन में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज की महिलाओं द्वारा सुहाग श्रृंगार कर माता अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना से हुई। पूजन का संचालन वंदना बड़ोनिया ने किया।

महिलाओं ने भावपूर्ण आरती और भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा सुहाने, उपाध्यक्ष सुमन बिलैया, सचिव तृप्ति कुरेले, कोषाध्यक्ष और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने सामूहिक भोजन का उत्कृष्ट आयोजन किया। समाज की कल्याण समिति की साधारण बैठक भी सम्पन्न हुई, जिसमें समाज के वरिष्ठ सदस्यों कैलाश नारायण कनकने, राजकुमार सुहाने, रमाकांत गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, महेंद्र बड़कुल सहित अनेक वक्ताओं ने समाज के विकास और एकता पर अपने विचार रखे।



अन्नकूट में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

### सिप्रंगफील्ड स्कूल में मप्र बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन हुआ

# कई जिलों से आए खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में आयोजित चौथी मिनी एवं 59वीं सब-जूनियर मध्यप्रदेश बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का सोमवार को समापन हो गया। 28 अक्टूबर से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए सैकड़ों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया।

फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने तकनीक, रणनीति और खेल भावना की शानदार झलक पेश की। बालक एकल अंडर-15 में आरवराज सिंह बग्गा ने रोमांचक मुकाबले में 21-17, 18-21, 21-14 से विजय हासिल की।

मिक्स डबल्स अंडर-15 में लक्ष्य पांडे और कृतिका पाठक की जोड़ी विजेता रही। बालिका एकल अंडर-13 में समायरा सक्सेना ने 21-16, 21-12 से जीत दर्ज की, जबकि बालक एकल अंडर-13 में ईशमीत अरोरा ने 23-21, 18-21, 21-19 से रोमांचक जीत हासिल की। बालिका एकल अंडर-11 में अवनी मिश्रा विजेता रहीं। बालक युगल अंडर-15 में अनिरुद्ध सिंह चौहान और लक्ष्य पांडे ने 21-17, 21-14 से जीता। बालिका अडर-15 को वनाधि चौधरी और अविका वर्मा की जोड़ी ने अपने नाम किया।



स्कूल प्रबंधन द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए।

### विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि बच्चों ने जिस आत्मविश्वास और खेल भावना का प्रदर्शन किया है, वह प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल ने इस आयोजन को उत्कृष्ट स्तर पर संपन्न कराया है। व्यापार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह प्रतियोगिता बच्चों में अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व का भाव विकसित करती है।

## बासौदा मंडी भाव


सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-5430
सरसों
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7011
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 5675
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7610
उड़द
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-5910
मक्का
न्यूनतम भाव- 1000
उच्चतम भाव- 1770
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3155
धान
न्यूनतम भाव-1005
उच्चतम भाव-2930
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2100
उच्चतम भाव-3255
बटरी
न्यूनतम भाव- 3830
उच्चतम भाव- 3830
धनिया
न्यूनतम भाव- 6660
उच्चतम भाव- 6660
मैथी
न्यूनतम भाव- 3010
उच्चतम भाव- 3010

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 29122 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाई जाएगी गुरु नानक जयंती



**गंजबासौदा।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष श्री गुरु नानक देव की 556 वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है। इस वर्ष पाठ साहब की सेवा स्वर्गीय रामदयाल तनवानी पुजारी की पुण्य स्मृति में उनके परिजन मोहनलाल तनवानी, स्वर्गीय शत्रुघ्न तनवानी, पवन तनवानी परिवार की ओर से आयोजित किया गया है। जन्म जयंती के अवसर पर जयंती की पूर्व संध्या पर 556 दीपक जलाये जायेंगे। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को प्रातः 4:30 बजे प्रभात फेरी सिंधी कॉलोनी से निकल कर मुख्य मार्गों से जय स्तंभ, नेहरू चौक, रेलवे स्टेशन होते हुए मील रोड से वापस सिंधी कॉलोनी पहुंचेगी। सुबह 11 बजे से कथा कीर्तन प्रारंभ होगी, दोपहर 1 बजे आरती अरदास, 1:30 बजे लंगर प्रसादी का वितरण त्योंदा रोड सिन्धी कालोनी गुरुद्वारा में किया जाऐगा। पूज्य सिंधी पंचायत ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# सफाई कामगारों का सम्मान कर मिठाई बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर की स्वच्छता में सफाई कामगारों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। आपकी गलियां, नालियां, सड़क चमकती धमकती दिखाई देती हैं उसके पीछे सफाई कामगारों की मेहनत रंग लाती है। उक्त बात आज यहां नगर पालिका परिषद में आयोजित एक सादे समारोह के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहीं। नगर पालिका परिषद द्वारा दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में सभी सफाई कामगारों को आमंत्रित किया गया। सभी को नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद संजय रिचा भावसार, नीलू चौबे, जगदीश व्यास, सुनील साहू, सरदार अहिरवार, शुभम रघुवंशी सहित अन्य ने फूल मालाएं पहनाईं और तिलक करके दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सभी को मिष्ठान वितरण भी किया गया। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने कहा कि सफाई कामगार कंधे से कंधा मिलाकर नगर की स्वच्छता को बरकरार रखे हुए हैं। सुबह शाम अभियान चलाकर सफाई को विशेष महत्व दिया जाता है। मैं सफाई कामगारों की प्रशंसा करता हूं और सभी से इसी तरह आगे भी काम करने की अपेक्षा रखता हूं।

### अधिकांश सुविधाओं पर जताई संतुष्टि, कुछ कमियों को दूर करने को कहा

# सीआरएम की टीम ने देखी इलाके की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और जनमानस तक सेवाओं की पहुँच का अवलोकन करने भारत सरकार द्वारा कॉमन रिव्यू मिशन दल प्रत्येक प्रदेश में दो जिले चिन्हित कर वहां निरीक्षण करता है। इस बार इस दल ने मध्य प्रदेश के दो जिले विदिशा और मंदसौर का चयन किया है। विदिशा आगमन पर दल ने गंजबासौदा पहुंचकर जनचिकित्सालय, स्वास्थ्य केन्द्र गंज, संजीवनी क्लीनिक राजेन्द्र नगर, किसनोदा में मेडीकल मोबाइल यूनिट और उदयपुर स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इन स्थानों पर पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश के साथ ही शेष व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर करते हुए सराहना की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विदिशा पहुँचे दल ने सोमवार को गंजबासौदा आगमन पर उप स्वास्थ्य केंद्र गंज का अवलोकन किया। वहाँ आंगनबाड़ी और विद्यालय में जाकर दल द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयरन की सिरप और गोली बच्चों को सही तरीक़े से दी जा रही है कि नहीं यह देखा। उप स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य समिति की मीटिंग समय से और सभी सदस्यों की उपस्थिति में करने को निर्देशित किया गया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक राजेंद्रनगर का अवलोकन किया गया, वहाँ हाल ही में एक चिकित्सक की पोस्टिंग हुई है। इसके पश्चात दल जन चिकित्सालय गंज बासौदा पहुँचा। वहां समस्त विभाग, वार्ड और ओपीडी का अवलोकन किया गया। कैजुअल्टी में ट्रायज एरिया नहीं होने पर इसका निर्माण कराने को कहा गया। एनआरसी में आठ बच्चे भर्ती पाए गए जबकि दस पलंग हैं। इस पर बच्चों की भर्ती बढ़ाने को कहा गया। साथ ही मैटरनिटी वार्ड में बर्थ वेटिंग रूम की प्रशंसा की गई, लेकिन नसबंदी और सिजेरियन ऑपरेशन की संख्या में कमी पायी गई, जिस पर अधिक संख्या में सीजेरियन औपरेशन और नसबंदी ऑपरेशन करने को कहा गया। प्रसव के तीन दिन के अंदर जन्मे शिशु का जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के लिए भी टीम सदस्यों द्वारा अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया गया। जनचिकित्सालय के निरीक्षण के बाद यह टीम ग्राम किसनोदा पहुंची। जहां प्रधान मंत्री जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट का भी निरीक्षण किया गया और ग्रामीणों से संवाद किया गया। इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर का भी निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण के संबंध में बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी ने बताया कि टीम ने अधिकांश सेवाओं और सुविधाओं पर संतुष्टि व्यक्त की है। जबकि टीम सदस्यों द्वारा कुछ सुविधाओं में वृद्धि और कमियों की पूर्ति के लिए निर्देशित किया गया है। इन कमियों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## नगर में भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 24 नवंबर से 6 दिसंबर तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए सोमवार को सिरोंज चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से ध्वज यात्रा निकाली गई। श्रीधाम बासौदा दरबार समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीराम कथा एवं पंचकुंडात्मक श्री रूद्र महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए सिरोंज चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से विशाल ध्वज यात्रा निकाली गई। नौलखी मंदिर के महंत श्रीराम मनोहर दास महाराज, वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास, पंडित हरिनारायण पाठक, यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री ने पूजा अर्चन की। संजय पाठक सहित अन्य आचार्यों द्वारा पूजा अर्चन करवाई गई। इसके बाद ध्वज यात्रा प्रारंभ हुई। ध्वज यात्रा सिरोंज चौराहे से प्रारंभ होकर गांधी चौक, राजेंद्र नगर होती हुई, श्रीधाम बासौदा दरबार पहुंची। मंदिर प्रांगण और कार्यक्रम स्थल पर मंहतों के आतिथ्य में ध्वजों की विधि विधान से पूजन अर्चन कर ध्वज लगाए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकगण, श्रद्धालु और भक्तगण मौजूद रहे।

### आज खत्री समाज निकालेगी नगर कीर्तन

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में नगर कीर्तन मंगलवार को सुबह 10:30 बजे गुरुद्वारा सिख मोहल्ला से प्रारंभ होकर पुरानी नगर पालिका, गांधी चौक, सदर बाजार, जय स्तंभ चौक होते हुए गुरुद्वारा सिख मोहल्ला पहुंचेगी जहां उसका समापन होगा। बुधवार को दोपहर 12 बजे गुरुवाणी, शब्द कीर्तन, अरदास एवं इसके उपरांत लंगर प्रसादी का आयोजन रखा गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होकर लंगर में प्रसादी ग्रहण करने की अपील खत्री समाज द्वारा की गई है।

## बाइकों की आमने सामने भिडंत, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को पठारी मार्ग पर खड़ाखेड़ी तिगड्डा पर दो बाइकों की आमने सामने भिडंत हो गई। जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भज्जीलाल अहिरवार अपनी बाइक से कथरी खाद लेने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें भज्जीलाल अहिरवार उम्र 75 वर्ष के सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आई। जिन्हे परिजन तुरंत उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां परीक्षण उपरांत डॉक्टर नीलेश गुर्जर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## नाबालिग बालिका को परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस शहर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 23 अप्रैल 2024 को फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। जिस पर धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा अपहृत बालिका की तलाश के दौरान प्रकरण में आये तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नाबालिक बालिका को कैंची छोला माता मंदिर भोपाल से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की तथा अपहर्ता के न्यायालय में कथन कराये गये।

बाद में बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, राजेश मिश्रा, विपिन नायक, शिवप्रताप, शिवानी मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

### फॉगिंग मशीन से धुंए का छिड़काव कराया



गंज बासौदा। इन दिनों नगर में मच्छरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए। नगरपालिका द्वारा नगर के मुख्य मार्गों एवं गलियों में फागिंग मशीन की सहायता से धुएं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिससे नागरिकों को मच्छरों से निजात मिल सके।

# सिटी थाना पुलिस ने अवैध देसी पिस्टल के साथ आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शहर थाना पुलिस ने अवैध देशी पिस्टल सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त करते हुए धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि गौरी कांप्लेक्स के सामने एक व्यक्ति हल्के नीले रंग की शर्ट व जींस पहने हुए, जो व्यक्ति अवैध रुप से देशी पिस्टल रखा है। जिसे बेचने की बात कर रहा है। इस सूचना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी रुद्र चौहान उम्र 18 वर्ष निवासी लड्डा एजेंसी वाली गली को पकड़ा। जिसके कब्जे से एक देशी पिस्टल काले रंग की जब्त की गई। आरोपी से पिस्टल के संबंध में पूछताछ किया तो आरोपी ने 2 दिन पहले दोस्त गोलू रघुवंशी निवासी चार खंभा वाली गली से 2000 रुपये में खरीदना बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी गोलू रघुवंशी की तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, राकेश सेन, अरुण छारी, अभिषेक शुक्ला की विशेष भूमिका रही। जागरुक नागरिकों ने पुलिस एवं प्रशासन से अपील की है कि इन दिनों नगर में ब्राउन शुगर, शराब, अवैध हथियारों का कारोबार बडे पैमाने पर हो रहा है। साथ ही इनके कारण आसामाजिक गतिविधियां भी काफी बढ गई हैं। जिसके कारण आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से अभियान चलाकर नशे एवं अवैध हथियारों के कारोबार एवं आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

## 'ब्यूटी एंड वेल्नेस' वोकेशनल कोर्स का शुभारंभ



गंजबासौदा। राजीव मेमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल में आज के युग की मांग के अनुरूप 'ब्यूटी एंड वेल्नेस वोकेशनल कोर्स' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एके जैन तथा निर्मल जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं विद्यालय प्राचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में वोकेशनल शिक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ब्यूटी एंड वेल्नेस कोर्स न केवल विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी नए अवसर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस कोर्स के माध्यम से सीखे गए कौशलों का उपयोग अपने करियर को नई दिशा देने में करें। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में इस कोर्स की शुरुआत का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ स्किल बेस्ड एजुकेशन प्रदान करना है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। इस कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को सौंदर्य, त्वचा देखभाल, बालों की देखभाल, मेकअप, पर्सनल हाइजीन और वेल्नेस से संबंधित आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कोर्स विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी रहेगा जो सौंदर्य एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। इस अवसर पर ब्यूटी एंड वेल्नेस लैब का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को आधुनिक उपकरणों और सामग्रियों के साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशित विद्यार्थियों को दी जा रही जानकारी

# कॉलेज में छात्र, छात्राओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक कक्षा हेतु नवीन संरचना पाठ्यक्रम को महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं, स्नातक प्रथम वर्ष 2025-2026 में प्रवेशित विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी का प्रशिक्षण दिनांक 27 अक्टूबर से 8 नबम्वर तक प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को विद्यार्थियों को बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष के मेजर के तीन विषय हैं जो 6, 6, 6 क्रेडिट के है। माइनर विषय के दो पेपर जो चार-चार क्रेडिट के हैं तथा आधार पाठ्यक्रम के दो पेपर जो दो-दो क्रेडिट के हैं। एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम जो तीन क्रेडिट का है तथा एमडीसी का एक पेपर जो तीन क्रेडिट का है और इंटर्नशिप अप्रेंटिसशिप प्रोजेक्ट वर्क कम्युनिटी इंगेजमेंट डिसर्टेशन रिसर्च प्रोजेक्ट आदि हैं। जो एक एक्टिविटी को लेकर विद्यार्थी अध्ययन कर सकता है, जो दो क्रेडिट का है तथा वैल्यू एडिट कोर्स का एक पेपर जो दो क्रेडिट का है। इस प्रकार स्नातक प्रथम वर्ष में 40 क्रेडिट लेकर छात्र परीक्षा पास कर सकता है। इस प्रकार द्वितीय वर्ष में विकल्प के साथ डबल मेजर लेकर विद्यार्थी अध्ययन कर सकता है तथा तृतीय वर्ष में डिग्री, चतुर्थ वर्ष में विद्यार्थी ऑनर्स तथा ऑनर्स विधि रिसर्च लेकर अध्यापन कार्य किया जा सकता है। इस प्रकार मेजर एवं माइनर के पेपर में 70 नंबर के सैद्धांतिक परीक्षा तथा 30 नंबर की सीसीई परीक्षा कल 100 अंकों की परीक्षा होती है। सीसीई की परीक्षा स्नातक स्तर पर चार बार छात्रों को देनी होगी। जिसमें तीन बार सीसीई की परीक्षा के अंक मूल अंक सूची में जोड़े जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संपूर्ण जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से डॉक्टर बीके प्रजापति के द्वारा दी गई तथा डॉक्टर विजय शाक्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं पीजी एक वर्ष एवं पीजी दो वर्ष की विस्तार से छात्रों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डॉ. आरडी जाटव, डॉक्टर कंचन वैद्य, डॉ. आयुष हरदाहा, डॉ. रेखा जांसल, सुधा पाठक, डॉ. मोनिता जेमा, प्रोफेसर मनीष दुबे उपस्थित रहे।

## निराश्रित बेसहारा गोवंशों को हटाने के लिए अभियान का शुभारंभ आज



**गंज बासौदा।** चलित नंदी गोसेवा समिति के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को सुबह 10. 30 बजे पशु अस्पताल के सामने बरेठ रोड से निराश्रित बेसहारा गोवंशों को सड़क से हटाने का अभियान शुरू किया जा रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि सड़कों पर गोवंश विचरण करते रहते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्हें सड़क से हटाने के लिए अभियान शुरू किया जा रहा है। गोवंश को सड़कों से हटाकर गोशालाओं में भेजा जाएगा। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में हनुमान मंदिर महंत राम मनोहर दास महाराज, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, एसडीएम संतोष बिटोलिया, तहसीलदार अरविंद यादव, जनपद सीईओ तपस्या जैन, पशु चिकित्सक डॉ आर एस उपाध्याय, बलवीर गुर्जर, रुपेश लाड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक, गो भक्त मौजूद रहेंगे।

# डैम में डूबने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को सूजा डैम में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देव साहू निवासी उदयपुर, उम्र 20 वर्ष ग्राम सूजा स्थित डेम में नहाने गया हुआ था। जहां गहराई में जाने से वह डूब गया। जिसकी सूचना मिलने पर लोग एकत्रित हुए और सूचना पुलिस को दी। विदिशा से आई टीम ने बोट की मदद से डेम में खोजबीन कर युवक का शव बरामद किया। जिसे पोस्टमार्टम के लिए जनचिकित्सालय भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### क्रांति को संभाग कमिश्नर सागर और कलेक्टर ने दी बधाई

**सागर।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया 1973 से प्रारंभ हुई महिला विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत ने पहली बार विश्व विजेता बनने का सौभाग्य हासिल किया है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया। विश्व कप क्रिकेट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया ने सात बार, इंग्लैंड चार बार और न्यूजीलैंड ने एक बार विश्व कप जीता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें पहली बार वनडे के विश्व कप में पहुंची हैं। भारत ने 50 ओवर में 298 रन बनाए जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर आउट हो गई। संभाग कमिश्नर सागर अनिल सुचारी एवं सागर कलेक्टर संदीप जी आर ने सागर संभाग की क्रांति एवं संपूर्ण भारतीय टीम को पहली बार विश्व विजेता बनने पर बहुत-बहुत बधाइयां और शुभकामनाए दी।

### सुरेन्द्र सुहाने चुने गए गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष

**सागर।** श्री गहोई वैश्य समाज संचालक मंडल सागर की बैठक संरक्षक नर्मदा प्रसाद ददरया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सुरेन्द्र सुहाने को पुनः अध्यक्ष चुना गया। नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से संरक्षक नर्मदा प्रसाद ददरया, ओम प्रकाश रूसिया, उपाध्यक्ष डा राजेंद्र चौदा, सचिव संजीव कठल, उपसचिव सचिन सिपोलया, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सुहाने अगरबत्ती, मीडिया प्रभारी शरद गुप्ता चुने गए। बैठक में सुहाने ने कहा कि समाज में रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने पर जोर दिया। उपाध्यक्ष डा चौदा ने नवयुवक मंडल के तत्वावधान में ठंड के मौसम में गरीबों को कंबल वितरित करने पर जोर दिया। बैठक में महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरया, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सृजन चंदन सुहाने ने समाज को आगे बढ़ाने कार्य करने पर जोर दिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर कमिश्नर सुचारी ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण कार्य अप्रारंभ होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा संबंधित निर्माण एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग सागर संभाग को निर्देश दिए हैं कि वे नवीन आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण में आ रहे गतिरोध की जानकारी संबंधित जिलों के कलेक्टरों के संज्ञान में लाएं तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराएं और आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रक्रिया को तेजी से प्रारंभ कराएं।

कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास को दिए। बैठक में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों के निर्माण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में अप्रारंभ आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण प्रक्रिया में गति लाई जाए। बैठक में कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शासन की अति-महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और इस योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए।

कमिश्नर ने निवाड़ी, टीकमगढ़ तथा पन्ना जिलों में योजना की प्रगति में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति में सुधार लाया जाए। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश दिलाना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों की सतत रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। बैठक में कमिश्नर द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा लाड़ली बहना योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग बी.एल. प्रजापति, राकेश शुक्ला उपस्थित रहे।

शुभचिंतकों ने दी बधाइयां

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष बने देवेन्द्र शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्य प्रदेश अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश तिवारी एवं प्रदेश प्रभारी माया इंदु सिंह तिवारी की अनुशंसा पर भाजपा युवा नेता एंव सिंधिया फैंस क्लब के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का विदिशा जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर शर्मा की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतको ने बधाईयां दी।

कार्यकार्ताओं से की मुलाकात

## पूर्व विधायक भार्गव ने सिद्ध आश्रम भौरिया पहुंचकर किए दर्शन



**सिरोंज।** पूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता राधारमन भार्गव, भाजपा के वरिष्ठ नेता नगर मंडल के मंत्री विष्णु गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी राहुल भार्गव द्वारा सह परिवार सिद्ध आश्रम भौंरिया पहुंचकर सूरन ताल की घाटी पर आश्रम पर दर्शन किए। साथ ही ग्राम कचनारिया पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं के घर पहुंचकर मुलाकात की।

## संकल्प से सिद्धि तक सिरोंज, लटेरी, कुरवाई और शमशाबाद रेल लाइन हमारा लक्ष्यः डॉ लता वानखेड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सिरोंज, लटेरी, कुरवाई, शमसाबाद रेल लाइन परियोजना को लेकर डीआरएम मंडल रेल प्रबंधक की प्रदेश की अति आवश्यक बैठक में दौरान सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यह रेल परियोजना केवल एक विकास कार्य नहीं, बल्कि जनता के सपनों और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का संकल्प है। उन्होने कहा कि सिरोंज, लटेरी, कुरवाई, शमसाबाद रेल लाइन केवल एक परियोजना नहीं, यह हमारे क्षेत्र के विकास का संकल्प है। असंभव कुछ भी नहीं असंभव खुद कहता है, मैं संभव हूं। इस रेल परियोजना से क्षेत्र में रोजगार, व्यापार, शिक्षा और पर्यटन के नए अवसर खुलेंगे। ग्रामीण अंचलों को सीधी रेल सुविधा मिलने से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। डॉ. वानखेड़े ने कहा कि जनता के सहयोग और दृढ़ इच्छा शक्ति से यह रेल लाइन अगले पांच वर्षों में हर हाल में पूरी होगी। यह हमारा संकल्प भी है और कर्तव्य भी। जनता के समर्थन से यह पहल अब संकल्प से सिद्धि की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है। इस दौरान बैठक में रेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शिवसेना के हुए मनी सिंग गुरौन

**सागर।** कहते हैं जब आप दूसरे का भला करने और दूसरों की मदद करने की जिम्मेदारी उठा लेते हैं तो आपके ऊपर उठने में आपसे ज्यादा ईश्वर आपकी मदद करता है,या यू कहें की जिसने भी दूसरे का भला किया है ईश्वर उसका बुरा कभी नहीं होने देता अब आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं, तो हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि बिना किसी महत्व आकांक्षा और बिना किसी स्वार्थ के मकरोनिया क्षेत्र के समाजसेवी और अनेक जिम्मेदार पदों से सुशोभित सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनीसिंग लगातार अपने समाज सेवा के कार्यों से लोगों के बीच चर्चा का विषय बने।

## कार्यों का निराकरण समय-सीमा में नहीं करने पर पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना

**सागर।** कलेक्टरके आदेशानुसार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर 28 पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना। जैसीनगर जनपद पंचायत अंतर्गत तालचिरी ग्राम पंचायत सचिव मनमोहन जोशी, जेरा ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश सिंह, बक्सवाहा ग्राम पंचायत सचिव आशाराम साहू, बेरखेरी मढ़ियि ग्राम पंचायत सचिव अमित चौबे, जैसीनगर ग्राम पंचायत सचिव नरेन्द्र बचलह, मसुरयाई ग्राम पंचायत सचिव रामकुमार खजुरिया। राहतगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत झिला ग्राम पंचायत सचिव नंदराम राय, दिनायकी ग्राम पंचायत सचिव संजय शर्मा।

## स्कूटी में अचानक लगी आग धुआ से सहम उठा परिवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

दाल मिल कॉलोनी निवासी ओम पटेल के घर उनकी माता जी जब सुबह झाड़ू लगा रही थी तो अचानक से स्कूटी से धुआं निकलता देखा एवं देखते ही देखते पूरी स्कूटी आग के गोले में तब्दील हो गई थोड़ी देर बाद भयानक विस्फोट के साथ पूरे घर में धुएं का गुबार फैलगया किसी तरह परिवार के सदस्यों ने बाहर निकल कर अपनी जान बचाई एवं मोहल्ले के लोग जमा हो गए।

सब कुछ इतनी जल्दी हुआ की आग बुझाने का मौका तक नहीं मिला। पीड़ित ओम पटेल पिता प्रशांत पटेल ने बताया कि हमारा निवास दाल मिल कॉलोनी में है मैंने एक बैटरी वाली स्कूटी मॉडल क्रेस्टा, नीला कलर साक्षी ई व्हीकल स्टोर से खरीदी थी।

सूर्योदय मोटर्स के संचालक रविन्द्र रघुवंशी का कहना है कि हमेशा ब्रांडेड कंपनी के ही ई व्हीकल खरीदना चाहिए।

**इनका कहना है**

फरियादी ओमपटेल ने थाने आकर स्कूटी में आग लगने की सूचना दी है। हम आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। सभी करण जांच के उपरांत ही पता चलेंगे।
- **नेहा अहिरवार,** एसआई थाना बरेली

# पुलिस का किशोरी जागरुकता संवाद अभियान हुआ जारी

जागरुकता अभियान में कानून सुरक्षा और आत्म रक्षा की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

पुलिस द्वारा किशोरियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर परिषद के वार्ड 4 में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्र पर संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, एएसआई संतोष चौहान आरक्षक प्राची ने किशोरियों एवं महिलाओं को विभिन्न कानूनी प्रावधानों सुरक्षा साइबर अपराध और आत्मरक्षा के विभिन्न पक्षों की जानकारियां दी गई।

थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लडक़ी का विवाह करना अपराध है। बेटियां शिक्षा ग्रहण करें और आत्मनिर्भर बने इसके लिए प्राथमिकता देना जरूरी है। किसी भी शोषण अत्याचार की स्थिति में पुलिस से तुरंत संपर्क और सहायता दी जा सकती है।

### इन बातों का रखे ख्याल

गुप्ता ने कहा कि साइबर ठग अपराध के लिए रिश्तेदार परिवार बनकर कॉल करते हैं, ओटीपी या अन्य जानकारियां मांगते हैं। गुप्ता ने कहा कि किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर प्रतिक्रिया न दें। संवाद सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम में गुप्ता ने बताया कि दुर्घटना में घायलों की अवश्य सहायता करें। मदद करने वालों को शासन द्वारा 25000/- तक का इनाम दिया जाता है। घायलों की मदद करने में हिचकिचाना नहीं चाहिए।

### 30 काली कमेटी, 11 अखाड़े, 62 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**सागर।** शिवसेना संगठन के तत्वाधान में दशहरा पर हुई मार्शल आर्ट कला अखाड़ा श्री नवदुर्गा झांकी प्रतियोगिता के पुरुस्कारो का वितरण समारोह गुजराती बाजार सागर में सम्पन्न हुआ। जहां 30 काली कमेटी, 11 अखाडा मंडल सहित उत्कृष्ट कार्य के लिए 62 प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पीठाधीश्वर महंत विपिन बिहारी महाराज, महंत केशवगिरी महाराज, पुजारी पुरोहित संघ के संभाग अध्यक्ष पं. राजेंद्र पांडेय, जिलाध्यक्ष पं. शिव प्रसाद तिवारी, प. पुरषोत्तम गौतम शास्त्री, प. शिव नारायण शास्त्री, प. श्रीराम दुबे, प. रघु शास्त्री ने वैदिक मंत्रोचारण विधि से स्वस्तिवाचन कराया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर, आर.एस.एस. विभाग संघ चालक डॉ.जी.एस.चौबे, विश्व हिन्दू परिषद् जिलाध्यक्ष प. अजय दुबे, एस.वी.एन कॉलेज कुलाधिपति अजय तिवारी, ब्राह्मण समाज युवा अध्यक्ष प. भरत तिवारी, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर थे।

## विहिप, बजरंग दल द्वारा सिविल अस्पताल में किया रक्तदान शिविर

50 का रक्त परीक्षण, 14 ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

सोमवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा सिविल अस्पताल में रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ शिविर में 50 लोगों का रक्त परीक्षण हुआ 14 लोगों द्वारा उत्साह पूर्वक रक्तदान किया गया।

रक्तदान शिविर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा दूसरों का जीवन बचाने उत्साह पूर्वक रक्तदान कर मानवता सेवा की मिसाल पेश की गई। पदाधिकारी ने कहा कि संगठन केवल धार्मिक और राष्ट्रवादी गतिविधियों तक सीमित नहीं है बल्कि सेवा मानवीय सहायता के कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहता है।

इस अवसर पर सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर हेमंत यादव के नेतृत्व में अस्पताल की टीम रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं में ड्यूटी रही रक्तदान के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सराहना और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से मानवता और सेवा की भावना मजबूत होती है।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्राओं का दल हुआ रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

59वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बरेली के 14 खिलाड़ी शिवपुरी के लिए रवाना हुए। हैंडबॉल खिलाडिय़ों द्वारा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर चयन किया गया था, अब बरेली के खिलाड़ी संभागीय टीम में प्रतिनिधित्व करेंगे।

ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अरविंद जरारिया ने बताया कि 19 वर्ष बालक वर्ग में आर्यन, धनंजय दुबे, तनिष्क कुमार, पवन कहार और आकिफ खान शामिल है 19 वर्ष बालिका वर्ग में खुशी मानोरिया, अंशिका साहू, मानसी साहू, लक्ष्मी पटेल और पलक रजक शामिल है छात्र-छात्राओं के भोपाल संभाग की टीम में चयन और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रवाना होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, प्राचार्य केके वानी एवं स्कूल स्टाफ द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

सभी काम छोड़ किसान जुटे धान कटाई के कार्य में

# मौसम हुआ साफ धान कटाई का कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

लगभग एक सप्ताह तक निरंतर मौसम खराब बना रहा मौसम की बेरुखी के कारण संपूर्ण क्षेत्र में धान की कटाई का कार्य प्रभावित और पिछड़ता रहा जैसे ही धूप निकली मौसम साफ हुआ किसान सभी कार्यों को छोडक़र सिर्फ धान की कटाई में जुट गए हैं। नवंबर का महीना शुरू हो गया नर्मदा क्षेत्र के ग्रामों में हजारों एकड़ में धान की फसल कटाई के इंतजार में खड़ी हुई है।

### फसलों की पीछड़ रही बोबनी

मौसम की बेरुखी के कारण धान फसलों की कटाई में 10-12 दिनों का विलंब हो गया जिसका सीधा असर रवि फसलों की बोबनी पर विलंब के रूप में सामने आ रहा है। रवि फसल गेहूं, चना की बोबनी के लिए सबसे उपयुक्त समय नवंबर माह माना जाता है। अभी नर्मदा क्षेत्र में हजारों एकड़ की बासमती और गैर बासमती धान की कटाई होना है।



धान कटाई के बाद किसानों द्वारा खेतों की बखरनी के बाद पलेवा किया जाएगा इसके बाद गेहूं चना इत्यादि की बोबनी की जाएगी कुल मिलाकर पूरा नवंबर का महीना बीत जाएगा इसीलिए क्षेत्र के हजारों किसान अन्य कार्यों को छोड़ सिर्फ धान की कटाई पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### लाखों कुंटल होता है धान का उत्पादन

नर्मदा क्षेत्र की बाड़ी, बरेली और उदयपुरा तहसीलों में खरीफ सीजन में हजारों किसानों द्वारा सिर्फ धान की खेती कर देश प्रदेश का चावल भंडार भरा जा रहा है।

किसानों द्वारा बासमती और गैर बासमती दोनों प्रकार की धान पैदा की जाती हैं बासमती धान की महक गांव गांव फैल रही है। किसानों को बे मौसम बारिश से ऑडी हुई धान की कटाई में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित पट्टन जिला विदिशा**

पंजी क्र. 1016 दिनांक 25.06.2015

// निर्वाचन आमसभा की सूचना //

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 19.11.2025 दिन बुधवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की गई है। दिनांक 11.11.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 12.11.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 13.11.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी के. सी. यादव द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

(के. सी. यादव) , रिटर्निंग अधिकारी
दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित पट्टन जिला विदिशा

**कार्यालय महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी सोसायटी मर्या. अगरा पठार जिला-विदिशा**

पंजी क्र. 1346 दिनांक 03.12.18

क्र./ निर्वा/आम सम्मिलन /2025/Q1 दिनांक 03.11.25

// सूचना //

महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या. अगर पठार के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि सोसायटी की विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 19.11.25 को दिन के 11.00 बजे स्थान महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था कार्यालय अगरा-पठार पर आयोजित की गयी है, जिसकी अध्यक्षता रिटनिंग अधिकारी द्वारा की जाएगी, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

सचिव
महिला दुग्ध उत्पा.सह. समिति मर्या अगरा पठार तह. लटेरी जिला-विदिशा

### बोर्ड की तर्ज पर आयोजित हो रही परीक्षाएं, करीबन 38 हजार विद्यार्थी होंगे शामिल

# अधूरे कोर्स के बीच हाई स्कूल व हायर सेकंडरी अर्द्धवार्षिक परीक्षा हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के संचालक ने आदेश जारी करते हुए कहा कि हाईस्कूल, हायर सेकंडरी की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं 3 से 11 नवंबर तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और हायर सेकंडरी की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं 3 नवंबर से 13 नवंबर तक दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षाएं बोर्ड की तर्ज पर आयोजित की जाएंगी।

जिले में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इन परीक्षाओं में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 38 हजार 892 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। हाईस्कूल की 3 से 11 नवंबर और हायर सेकंडरी की 13 नवंबर तक परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। लेकिन अधूरे कोर्स होने के कारण छात्रों की चिंता बढ़ जाएगी।

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट बिगड़ता है तो संकुल केंद्र प्रभारियों की बैठक ली जाएगी। इस बार 9वीं से लेकर 11वीं, 12वीं के छात्रों को बगैर पढ़ाई किए ही अर्द्ध वार्षिक परीक्षा देनी पड़ेंगी।

### नवंबर तक 70 फीसदी होना था कोर्स, लेकिन 50 फीसदी हो पाया

पिछले सप्ताह ही कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) डीडी रजक की मौजूदगी में जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में कलेक्टर ने अर्द्ध परीक्षा के आयोजन से पहले 70 फीसदी कोर्स पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन त्यौहार और अवकाश के कारण पढ़ाई नहीं हो पाई है। विभाग और स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि अभी तक 45 से 50 फीसदी भी कोर्स पूरे नहीं हो सके हैं।

**खास बातें**

- जिले में 115 हाई स्कूल और 69 हायर सेकंडरी विद्यालय मौजूद हैं।
- 14914 कक्षा 9 वीं के छात्र-छात्राएं
- 9483 कक्षा 10 वीं के छात्र-छात्राएं
- 8466 कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राएं
- 6029 कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राएं

◆ अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट बिगड़ता है तो संकुल केंद्र प्रभारियों की ली जाएगी बैठक



### कोर्स अधूरा : अगले महीने प्री-बोर्ड परीक्षाएं

*वजह यह है कि जिले के ज्यादातर स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हो पाया है। जबकि प्री-बोर्ड परीक्षा परीक्षाएं आगामी महीने में होने जा रही हैं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि 27 अगस्त से त्रैमासिक परीक्षाएं संपन्न हुई थी। जो 9 सितंबर 2025 तक चली थी। इसके बाद 10 दिवस की गणेश उत्सव, दशहरा दीपावली पर्व की छुट्टियां चली थीं। लगातार छुट्टियां की वजह से ना तो स्कूलों में कोर्स पूरा हो सका और ना ही विद्यार्थियों की सही तरीके से पढ़ाई हुई।*

### इनका कहना है

अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद कलेक्टर के निर्देश एवं संकुल प्रभारियों, प्राचार्य की मौजूदगी में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। आगामी हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की वार्षिक परीक्षाओं को देखते हुए कोर्स पूरा करने और लापरवाह जिम्मेदारों को सख्त हिदायत दी जाएगी।

**- डीडी रजक,** डीईओ रायसेन

### कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम में वृद्धि लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

*सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने डीईओ डीडी रजक, डीपीसी पीके रैकवार सहित सभी बीईओ और ब्लॉक स्त्रोत समन्वयकों को सरकारी स्कूलों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम में वृद्धि के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी स्कूल समय पर संचालित हों तथा छात्र-छात्राओं की सौ फीसदी उपस्थिति के लिए पालकों से संपर्क करें। इसी प्रकार प्राचार्य द्वारा विषयवार कमजोर छात्रों का चिन्हांकन करते हुए निदानात्मक कक्षाओं का संचालन किया जाए। इसके अतिरिक्त विषयवार शिक्षकों की क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण भी प्रतिमाह आयोजित किए जाएं। कलेक्टर ने परीक्षा परिणाम में वृद्धि के लिए सुझाव भी मांगे गए।*

### 10 नवंबर के बाद छोड़ा जाएगा पानी

## हलाली डैम की नहरों में चल रहा साफ सफाई का काम

◆ दो जिलों की करीब 12 हजार हेक्टेयर भूमि की होती है सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



जिले के सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में इस समय अशोक सम्राट हलाली डैम से निकली हुई नहरों में साफ सफाई का काम चल रहा है साफ सफाई के काम होने के बाद नहरों में पानी आना प्रारंभ हो जाएगा। विदिशा जिले की सभी नहरों की साफ सफाई हो गई है। 5 नवंबर से विदिशा जिले में पानी छोड़ा जाएगा।

जबकि रायसेन जिले में धान की फसल अधिकतर किसानों ने लगाई है इसलिए किसानों की अभी तक नहरों में पानी के लिए मांग नहीं होने के कारण 5 नवंबर से रायसेन जिले में पानी नहीं छोड़ा जाएगा इस जिले में अभी नहरों की साफ सफाई का काम चल रहा है। अगर किसानों ने मांग रखी तो 10 नवंबर के बाद पानी छोड़ा जाएगा।

अनुविभागीय अधिकारी बीके बागुल्या ने जानकारी देते हुए बताया दीवानगंज क्षेत्र की नहरों में 15 नवंबर तक पानी छोड़ना प्रारंभ कर दिया जाएगा। कुछ दिनों से नहरों में सफाई का कार्य चल रहा था जो पूर्ण होने पर आया है कुछ किसानों ने धान बोई थी जिस कारण कई किसानों ने अभी तक नहरों से पानी की मांग नहीं की है, जिन किसानों ने पानी की मांग की है उनकी मांग के अनुसार 15 नवंबर तक नहर में पानी छोड़ दिया जाएगा। आसपास की नहरों में सफाई का कार्य चल रहा है। इस बार बारिश ज्यादा हुई है जिस कारण नहर से पानी लेट छोड़ना प्रारंभ होगा। अभी कई किसानों की फसल खड़ी है जिन्हें पानी की जरूरत महसूस नहीं हो रही है।

### नहीं लगाए संकेतक

## भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर अंधे मोड़ बने खतरा, सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित सलामतपुर द्वारकाधीश मंदिर मोड़, बेरखेड़ी चौराहा, लांबाखेड़ा जोड़ और कुल्हड़िया के पास बने अंधे मोड़ यात्रियों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। इन स्थानों को अब ब्लैक स्पॉट कहा जाने लगा है, जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

रहवासियों का कहना है कि सड़क पर मोड़ों की बनावट इतनी तंग है कि वाहन चालकों को सामने से आ रहे वाहन नजर नहीं आते। कई बार तेज रफ्तार वाहन आमने-सामने टकरा जाते हैं, जिससे गंभीर हादसे हो चुके हैं। लोगों ने संबंधित विभाग से इन अंधे मोड़ों को खत्म करने या सुधारने की मांग की है।

लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द कार्रवाई करे, ताकि हाईवे पर सफर सुरक्षित हो सके।

# अचानक हुई छापामार कार्रवाई से कीटनाशक दुकानदारों में हड़कंप

### कीटनाशक अधिनियम का उल्लंघन करने पर एक कीटनाशक दुकान सील, 3 को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर में संचालित खाद बीज और कीटनाशकों की दुकानों पर कृषि महकमे के अमले द्वारा औचक निरीक्षण कर जांच कार्रवाई शुरू की, जिससे व्यापारियों में अफरा तफरी मची रही।

सोमवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देश अनुसार तथा उपसंचालक कृषि केपी भगत के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय रायसेन पर कृषि महकमे के अमले ने कीटनाशक गुण नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत रायसेन शहर में जिला स्तरीय जांच दल द्वारा विभिन्न कीटनाशक औषधि विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उनके स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। इसी कड़ी में पटेल ब्रदर्स बीज भंडार, किसान एग्रो एजेंसी, गौर एग्रो कीटनाशक एजेंसी, लक्ष्मी इंटरप्राइजेज एवं विधि कृषि सेवा केन्द्र रायसेन का निरीक्षण किया एवं नियमानुसार व्यापार करने के लिए निर्देश दिए गए।





### मेसर्स पटेल ब्रदर्स बीज भंडार को किया सील



निरीक्षण के दौरान कीटनाशक अधिनियम 1968 का उल्लंघन पाए जाने पर मेसर्स पटेल ब्रदर्स बीज भंडार रायसेन के प्रतिष्ठान को सील किया गया। इसके अतिरिक्त लक्ष्मी इंटरप्राइजेज रायसेन का लायसेंस निलंबित किए जाने, विधि कृषि सेवा केंद्र और गौर एग्रो एजेंसी रायसेन को कारण बताओ नोटिस देने की कार्यवाही की जा रही है। दुकानदारों से 7 दिन में संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर कीटनाशक लाइसेंस निलंबन /निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि विभाग की ओर से किसानों को उत्तम गुणवत्ता का कृषि आदान उपलब्ध हो सके, इसके लिए अभियान चलाकर निरीक्षण किया जा रहा है। जांच दल में सहायक संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार नामदेव, सहायक संचालक दुष्यंत कुमार धाकड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।

### धान की 1 दिसंबर से होगी समर्थन मूल्य पर खरीदी

**रायसेन**। सोशल मीडिया पर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान/गेहूं खरीदी नहीं किए जाने संबंधी प्रसारित हो रहे समाचार के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी राजू कातुलकर ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय से जारी एसओपी क्रमांक एफएससी/43/4/0003/2025/29-1/2437 भोपाल, दिनांक 30/अक्टूबर/2025 के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाना है, जिसकी तैयारी उपार्जन एजेंसी द्वारा की जा रही हैं। पत्र अनुसार 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक समर्थन मूल्य पर मोटा धान की खरीदी के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान नहीं खरीदने के संबंध मे कोई भी निर्देश प्राप्त नहीं हुए है।

# भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव पर कल्चुरी समाज ने किया आयोजन

### शोभायात्रा निकाल कर गार्डन में किया कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

कल्चुरी कलार समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव पखवाड़े के अंतर्गत भगवान सहस्त्रबाहु की भव्य शोभायात्रा, डीजे एवं ढोल नगाड़ों के निकाली गई। कार्यक्रम का ग्राम सांईखेड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी सख्या में समाजजनों ने सहभागिता की।



कार्यक्रम के तहत ग्राम स्थित मंदिर से डीजे, ढोल-नगाड़ो की मधुर ध्वनि के बीच भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। यहां भगवान सहस्त्रवाहु के चित्र की भक्ति भाव के साथ श्रद्धा पूर्वक समाजजनो के द्वारा पूजा, अर्चना व आरती की जाकर प्रसाद का वितरण किया गया।

यहां पर अनेक वक्ताओं ने अपना संबोधन दिया। जिसमें उन्होने समाज की एकता, व्याप्त कुरीतियों को दूर करने सहित अन्य बिंदुओ पर बेबाकी से अपने विचार रखें। इसके अतिरिक्त वक्ताओं ने भगवान सहस्त्रबाहु के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। यहां पर समाज के प्रतिभाशाली बच्चो का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील राय, अरुण, हरि ओम, आकाश राय द्वारा किया गया।

### नगर के वार्ड नं 2 में चलाया महिला सुरक्षा जागरुकता अभियान

# पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सामाजिक सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सिलवानी पुलिस थाना प्रभारी पूनम सविता ने सोमवार को वार्ड नंबर 2 स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में स्थानीय मजदूर वर्ग की महिलाओं एवं किशोर बालिकाओं के बीच एक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।



इस दौरान उन्होंने महिलाओं को दैनिक जीवन में सतर्क रहने, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने और स्वयं की सुरक्षा के उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि आज के समय में हर महिला और बच्ची को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति लोभ, लालच, नौकरी का झांसा या अन्य किसी बहाने से गुमराह करने की कोशिश करता है, तो उसके झांसे में कभी न आएं। ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस को सूचना देना ही सबसे सुरक्षित कदम होता है। उन्होंने समझाया कि अपराधी अक्सर भोले-भाले और जरूरतमंद लोगों को निशाना बनाते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने कहा पुलिस आपकी सहयोगी है, आपका संरक्षण ही हमारा कर्तव्य है। किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर घबराएं नहीं, तुरंत डायल 112 पर कॉल करें। पुलिस आपकी सहायता के लिए हर समय तैयार है।

### समाज में पारिवारिक एकजुटता पर जोर

पूनम सविता ने अपने संबोधन में परिवार में एकजुटता और सहयोग की भावना को बनाए रखने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि जब परिवार और समाज के लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं, तो किसी भी प्रकार की समस्या से निपटना आसान हो जाता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से कहा कि वे घर और समाज दोनों में साहस और आत्मविश्वास के साथ निर्णय लें, क्योंकि उनका जागरूक रहना पूरे परिवार की सुरक्षा से जुड़ा होता है। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने महिलाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इन हेल्पलाइन सेवाओं का उद्देश्य नागरिकों तक पुलिस और प्रशासन की पहुंच को आसान बनाना है।

### कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं तथा कार्यों में गति लाने दिए निर्देश

# जिले को कुपोषणमुक्त बनाने मिशन के रूप में करें काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न विभागों की विभागीय योजनाओं तथा निर्माण कार्यो की प्रगति और सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों से कहा कि विभागीय कार्यो में गति लाएं। प्रगतिरत कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराएं तथा जो कार्य स्वीकृत हो गए हैं, उन्हें भी शीघ्र प्रारंभ कराएं।



कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उप संचालक कृषि केपी भगत से जिले में प्राकृतिक खेती के रकबे को बढ़ाने कलस्टर विकसित करने किए अभी तक किए गए प्रयासों की जानकारी लेते हुए कहा कि प्रयासों के परिणाम धरातल पर प्रदर्शित होने चाहिए। प्राकृतिक खेती के इच्छुक किसानों से संवाद कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदाय किया जाए। उन्होंने पराली के उचित प्रबंधन हेतु किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए कहा कि जहां पराली जलाने की अधिक शिकायतें आएं, वहां किसान संगठनों से चर्चा करें तथा इसके बाद भी पराली जलाई जाती है तो कार्रवाई करें।

कलेक्टर ने डेयरी एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु पशुपालन को बढ़ावा देने तथा स्व-सहायता समूहों को इससे जोड़ने हेतु अभी की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

वहीं बैठक में मत्स्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने बॉयो फ्लेक सहित अन्य संचालित योजनाओं का लाभ अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए।

### हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य जांच के दिए निर्देश

◆ बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए दिए निर्देशों के अनुरूप की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने जिले में सुरक्षित प्रसव हेतु हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन के साथ ही उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। साथ ही स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के अमले द्वारा डोर टू डोर सर्वे किए जाने के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टरविश्वकर्मा ने एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले को कुपोषिण मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग समन्वय के साथ काम करें।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद जिला-रायसेन (म.प्र.)

**E-mail ID cmoraisen@mpurban.gov.in**

पताः- इंदिरा मार्केट सांची रोड रायसेन पिन- 464551 दूरभाष क्र. 07482-222057

क्रमांक 2341 / रा.शा/न.पा. 2025 दिनांक 30/10/25

// पांचवी निविदा सूचना आमंत्रण //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका रायसेन द्वारा अपने स्वामित्व की वार्ड क्र. 04 पानी की टंकी के पास ऑक्सीजन पार्क से लगी हुई हॉकर्स जोन के शेड में 36 माह हेतु सुसज्जित हाथ ठेले में खाद्यय सामग्री की दुकानें किराये पर दी जाना है। इस हेतु निविदा सील बंद लिफाफो में आमंत्रित की जाती है, उक्त निविदा हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 03/11/25 से दिनांक 10/11/25 तक कार्यालयीन समय में क्रय किये जा सकते है। उक्त निविदाओं को सील बंद लिफाफे में दिनांक 11/11/25 को सांय काल 5.30 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। उक्त निविदाओं को सील बंद लिफाफे में दिनांक 13/11/25 को दोपहर 2 बजे उपस्थित निविदा दाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जावेंगें। दुकानों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | दुकान का विवरण | संख्या | कार्य का नाम | दुकानों का आकार | अमानत राशि (प्रति दुकान) | न्यूनतम ऑफसेट प्राईज | निविदा प्रपत्र की कीमत (प्रति दुकान) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 04 स्थित ऑक्सीजन पार्क (हाथ ठेला रूपी दुकाने) | 10 | सुसज्जित हाथ ठेलो पर खाद्यय सामग्री की दुकानें दुकान क्र. 2,3,5,6,7,8,9, 10,11,12 | 8'x10' | 20000/- | 200000/- | 1000/- |

शर्तेः- निविदा से संबंधित विस्तृत शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय की राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

नोटः- 1-हाथ ठेला सुसज्जित होना चाहिये जिसका रंग पीला हो एवं काले रंग की लिखावट हो।
2-नाश्ता / भोजन / शाकाहारी खाद्यय सामग्री की दुकाने लगाई जायेंगी। (तुरंत तैयार होने वाली साम्रगी)
3-निकाय द्वारा प्रथम बार 36 माह हेतु किराये पर दी जावेंगी।
4-प्रत्येक माह की 05 तारीख को किराया राशि जमा करनी होगी।
5-संबंधित हितग्राही नगरीय क्षेत्र रायसेन का होना आवश्यक है।
6- कार्य प्रारंभ करने से पूर्व अनुबंध कराना अनिवार्य होगा। जो कि 36 माह के लिये होगा।

श्रीमति सविता जमना सेन
नगर पालिका परिषद रायसेन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन